हरिभूमि
विराट भूमि
जबलपुर, मंगलवार 19 मई 2026
login : www.haribhoomi.com
[ शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर ]


## अब नेतापुत्र के पेट्रोल पंप को फायदा पहुंचाने के लिए जनता के 60 करोड़ दांव पर!

# अधूरे वाटर पार्क का सीएम से करवा दिया लोकार्पण

शहडोल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासवादी मंशा और सरकारी खजाने को धनपुरी नगर पालिका प्रबंधन तथा स्थानीय रसूखदारों ने मिलकर किस तरह पलीता लगाया है, इसका जीता-जागता सुबूत करोड़ों की लागत से बना अत्याधुनिक वाटर पार्क (जल क्रीड़ा स्थल) है। बीते 8 फरवरी 2026 को जिस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्यमंत्री से आनन-फानन में लोकार्पण करवाकर झूठी वाहवाही लूटी गई थी, वह उद्घाटन के साढ़े तीन महीने बाद भी ताले में बंद है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां बच्चे और आम जनता मनोरंजन के लिए तरस रहे हैं, वहीं नगर पालिका को हर महीने लाखों रुपये के सरकारी राजस्व का सीधा चूना लग रहा है। इस पूरे मामले में सबसे सनसनीखेज मोड़ तब आया, जब कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के कड़े निर्देश पर बीते 7 मई को ही तहसीलदार बुढ़ार और विद्युत विभाग के अमले ने मौके पर खड़े होकर विवादित स्थल पर 33 केवी उच्च-दाब विद्युत लाइन का तार खिंचवाकर काम पूरा करवा दिया था। निर्माण एजेंसी मेसर्स अजहर इन्टरप्राइजेज ने ओ.पी.एम. भवतारणी मंदिर से लेकर धनपुरी वार्ड क्रमांक 02 स्थित वाटर पार्क तक खंभे खड़े कर तार खींचने का पूरा काम मुकम्मल कर दिया है, लेकिन कार्य पूर्ण होने के 10 दिन बीत जाने के बाद भी इस लाइन को चार्ज यानी चालू नहीं किया गया है। प्रशासनिक गलियारों में दबी जुबान से चर्चा है कि नगर पालिका प्रबंधन जानबूझकर मामले को लटका रहा है ताकि रसूखदार आपत्तिकर्ताओं को न्यायालय से स्टे (स्थगन आदेश) लाने का पर्याप्त समय मिल सके।

### पत्रों के खेल से उजागर हुई प्रशासनिक लाचारी

इस पूरे गतिरोध के बीच नगर पालिका, रसूखदार नेताओं और ठेकेदार के बीच हुआ पत्र



व्यवहार प्रशासनिक लाचारी और राजनीतिक दबाव की पोल खोल रहा है। नगर पालिका परिषद् धनपुरी ने पत्र क्रमांक 192 दिनांक 08 मई के जरिए ठेकेदार को अचानक काम रोकने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। इस पत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने बकायदा उल्लेख किया कि भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के पुत्र आदित्य चपरा, नगर परिषद् बकहो के वार्ड क्रमांक 05 की पार्षद बेला कोल एवं अन्य स्थानीय नागरिकों द्वारा इस विद्युत लाइन के विस्तार पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है।

### निजी स्वार्थ के लिए अड़ंगा

सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, आदित्य चपरा ने अपनी आपत्ति में दावा किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के पास उनकी निजी भूमि है, जहां तेल कंपनी का पेट्रोल पंप (ईंधन केंद्र) स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है और इसके लिए उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। यदि यह उच्च-दाब विद्युत लाइन उनकी भूमि के निकट से निकलेगी, तो ईंधन केंद्र की स्थापना में तकनीकी अड़चन आएगी। इसी राजनीतिक रसूख के आगे नतमस्तक होकर नगर पालिका ने ठेकेदार को चेतावनी दे डाली कि यदि स्वेच्छा से कार्य किया तो भुगतान रोककर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अब लिखित आदेश का इंतजार

नगर पालिका के इस नोटिस के जवाब में ठेकेदार फर्म ने 12 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जवाबी पत्र सौंपकर विभाग की ही बोलती बंद कर दी। ठेकेदार ने स्पष्ट किया कि वह इस विवाद और आपत्ति की लिखित सूचना बहुत पहले ही फरवरी और मार्च महीने में पत्रों के माध्यम से नगर पालिका को दे चुका था। इसके विपरीत, नगर पालिका ने ही बीते 13 अप्रैल को ठेकेदार को कार्य जल्दी पूरा करने का कारण बताओ नोटिस थमाया था। ठेकेदार ने अपने पत्र में आधिकारिक पुष्टि की है कि 07 मई को कलेक्टर के कड़े रुख के बाद तहसीलदार और विद्युत विभाग के बड़े अधिकारियों ने स्वयं कार्यस्थल पर खड़े होकर आपत्तिजनक जमीन के सामने 33 केवी विद्युत लाइन का तार खिंचवा दिया है। ठेकेदार ने वाटर पार्क तक का पूरा काम खत्म कर दिया है, सिर्फ बिजली चालू करना शेष है, लेकिन नगर पालिका द्वारा 8 मई को जारी किए गए कार्य रोकने के पत्र के बाद ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ठेकेदार का साफ कहना है कि जब तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लिखित आदेश नहीं मिलेगा, तब तक वे बिजली चालू नहीं करेंगे।

### श्रेय लेने की होड़ में जनता के 60 करोड़ दांव पर

इस प्रतिवेदन के बाद अब नगर पालिका प्रशासन की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, जब 10 एकड़ में करीब 20 करोड़ की लागत से बन रहा वाटर पार्क और कुल 60 करोड़ के अन्य विकास कार्य (सभागार, व्यावसायिक परिसर, क्लब हाउस) बिना बिजली के अधूरे थे, तो फरवरी में मुख्यमंत्री से इसका लोकार्पण कराने की इतनी हड़बड़ी क्या थी। क्या नगर पालिका प्रबंधन केवल कागजी विकास दिखाकर शासन की आंखों में धूल झोंक रहा था। जब कलेक्टर के निर्देश पर 7 मई को लाइन खींच दी गई, तो नगर पालिका प्रशासन 8 मई को काम रोकने का पत्र जारी कर किसके रसूख के आगे घुटने टेक रहा है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं के आपसी अंतर्विरोध, पारिवारिक रसूख और प्रशासनिक शिथिलता का खामियाजा आज धनपुरी और शहडोल की भोली-भाली जनता भुगत रही है। स्थानीय नागरिकों ने पुरजोर मांग की है कि इस विद्युत लाइन को तत्काल चालू कर वाटर पार्क को आम जनता के लिए खोला जाए, ताकि सरकारी राजस्व का नुकसान बंद हो सके और बच्चों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### इनका कहना है...

मुख्यमंत्री जी ने जिस वॉटर पार्क का उद्घाटन किया था, वह पूरा हो चुका है, संबंधित ठेकेदार ने लाईन जोड़ दी है, जल्द ही उसे चार्ज कर आमजनता के लिए वाटर पार्क खोला जायेगा।

**अरविंद शर्मा कार्यपालन यंत्री**
**नगरीय निकाय विभाग, शहडोल संभाग**


हरिभूमि
बीजेपी जिलाध्यक्ष के भूखंड के लिए हाई-टेंशन वायर का रास्ता बदला, ग्रामीणों में आक्रोश
एनएच-43 पर डेढ़ करोड़ की लाइन बिछाने में 'पावर पॉलिटिक्स'?

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में 100 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की मानीटरिंग करें तथा इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, तथा जनजातीय कार्य विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु 01 जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई 2026 को संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा विहित स्थानों में मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोडऩे, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो गई है जो 25 मई 2026 को अपरान्ह 03 बजे तक चलेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ स्तर अभिकर्ताओं के माध्यम से मतदाता सूची का परीक्षण कर आवश्यक दावे एवं आपत्तियां निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 30 मई 2026 को किया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जून 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरीय निकायों की मतदाता सूची का सेट उपलब्ध कराया गया।

## सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का पुलिस एवं संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त भ्रमण करें: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

शहडोल।



सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का पुलिस एवं संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त भ्रमण करें तथा दुर्घटना के कारणों का अध्ययन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना होने पर संबंधित थाने को अनिवार्य रूप से जानकारी दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि अनियंत्रित गति से दो पहिया वाहन चलाने तथा हेलमेट का उपयोग नहीं करने से सड़क दुर्घटना में अधिकतर मौतें होती हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जिले के नागरिकों से दो पहिया वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई। कलेक्टर ने शहडोल नगर के प्रमुख चौराहों जय स्तम्भ चौक, न्यू गांधी चौक से बुढ़ार चौक एवं अन्य चौराहों में पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल को निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जिले में औसतन 20 मौतें प्रतिमाह दर्ज की जाती हैं। जिसका प्रमुख कारण दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करना है। आपने कहा कि मुख्य मार्गों में जहां स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं वहां वाहन चालक किनारे से स्पीड के साथ गुजरते हैं और दुर्घटना ग्रस्त होते हैं। सड़क निर्माण विभाग के अधिकारी स्पीड ब्रेकर के दोनो साईड के सोल्डर में बड़े पत्थर लगाकर उन्हें ब्लाक कर दें। बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर गोल्डेन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाता है। इसी तरह प्रधान मंत्री राहत योजना के तहत 1.5 लाख रूपए का कैशलेश ट्रीटमेन्ट दिया जाता है। जिले में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं थाना देवलोंद, ब्यौहारी, सोहागपुर, बुढ़ार तथा जैतपुर क्षेत्र में हो रही हैं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पंकज खरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आरईएस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल श्रीमती आशा भण्डारी, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आशोक सिंह, यातायात प्रभारी संजय जायसवाल उपस्थित रहे।

## राहुल-अतुल की मौत को एक्सीडेंट बताने पर भड़का ब्यौहारी

# खाकी का खेल या कत्ल का पर्दाफाश?

### सीबीआई जांच के लिए सड़कों पर उतरा जनसैलाब

शहडोल।



जिले के ब्यौहारी में कानून व्यवस्था और खाकी की नीयत पर फिर दाग लगा है। ग्राम टिहकी के बीजेपी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल द्विवेदी और उनके साथी अतुल तिवारी की संदिग्ध मौत को पुलिस महज एक हादसा बताकर रफा-दफा करने पर तुली है, जबकि जनता इसे माफिया राज का खूनी खेल बता रही है। पुलिसिया लीपापोती के खिलाफ आक्रोशित अखिल भारतीय ब्राह्मण सेवा संस्थान और सैकड़ों नागरिकों ने काली पट्टी बांधकर कैंडल मार्च निकाला और जय स्तंभ चौक पर हुंकार भरते हुए सीबीआई जांच की मांग की।

### कत्ल की साजिश या एक्सीडेंट का नाटक

जनता और परिजनों ने पुलिस की ढीली कार्यशैली की धज्जियां उड़ाते हुए सीधे आरोप लगाए हैं कि दोबारा हुए पीएम को 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अंतिम रिपोर्ट आज तक परिजनों को क्यों नहीं सौंपी गई? छत्तीसगढ़ के धमतरी से जिस गाड़ी (सीजी 04 एलएफ 3043) को जब्त करने का दावा किया गया, वह 600 किमी दूर कैसे गई और 7 दिन बाद भी ब्यौहारी थाना क्यों नहीं लाई गई। मृतकों और संदिग्धों के मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन को अब तक क्यों छुपाया जा रहा है? अवैध पशु तस्करी, रेत, कोयला और शराब माफिया के खिलाफ लगातार आवाज उठाने वाले राहुल द्विवेदी को क्या रास्ते से हटाया गया है। पुलिस बिना किसी ठोस वैज्ञानिक जांच के इसे साधारण सड़क दुर्घटना घोषित करने की जल्दी में क्यों है?

### माफिया से मिली है पुलिस, चुप हैं जनप्रतिनिधि!

ब्राह्मण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने तीखे लहजे में कहा कि ब्यौहारी पुलिस असली हत्यारों को संरक्षण दे रही है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रहस्यमयी चुप्पी साध रखी है। आक्रोशित जनता ने तहसीलदार राजकुमार रावत को मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपकर 5 सूत्रीय मांगें रखी हैं।

### संगठन की दोटूक चेतावनी

मामले की तत्काल सीबीआई जांच हो, लापरवाही बरतने वाले पुलिस अफसरों को सस्पेंड किया जाए और पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख का मुआवजा व सरकारी नौकरी मिले। अगर 7 दिन में सीबीआई जांच मंजूर नहीं हुई, तो पूरा ब्यौहारी बंद होगा और उग्र आंदोलन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## अफवाहबाजों पर भड़का प्रशासन, धनपुरी नपा में सीएमओ का हंटर झूठी अफवाह फैलाने वालों की सीधे होगी सेवा समाप्ति

शहडोल।

नगर पालिका परिषद धनपुरी में अपनी जिम्मेदारियों से भागने और निकम्मेपन को छुपाने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) के नाम की आड़ लेने वाले कामचोर कर्मचारियों पर आखिरकार प्रशासनिक गाज गिर ही गई। कार्यालय के भीतर और आम जनता के बीच भ्रम का जाल बुनने वाले कर्मचारियों को कड़ा सबक सिखाते हुए सीएमओ ने एक बेहद सख्त और आक्रामक आदेश जारी किया है। इस फरमान के बाद से नगर पालिका के गलियारों में हडक़ंप मच गया है और अफवाहबाजों के पसीने छूट रहे हैं।

### सीएमओ के नाम पर कामचोरी का खेल खत्म!

दरअसल, लंबे समय से यह शिकायतें आ रही थीं कि विद्युत, जलप्रदाय, स्वच्छता और राजस्व जैसी बेहद महत्वपूर्ण शाखाओं में पदस्थ कुछ शातिर कर्मचारी अपनी नाकामी छुपाने के लिए जनता और



सहकर्मियों के बीच यह झूठ फैला रहे थे कि अमुक काम को करने से स्वयं सीएमओ ने मना किया है। इस भ्रामक प्रचार से न केवल जनता परेशान हो रही थी, बल्कि नपा की छवि भी धूमिल हो रही थी। प्रशासन ने इस तरह की बयानबाजी को अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा मानते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। 14 मई 2026 को जारी इस कड़े आदेश में दोटूक कहा गया है कि सभी कर्मचारी अपने विवेक और पूरी जिम्मेदारी के साथ जनता के कार्य करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं।




### सुधर जाओ... वरना सीधे नौकरी से धोओगे हाथ!

सीएमओ ने अपने आदेश में किसी भी प्रकार की नरमी न दिखाते हुए आर-पार की चेतावनी दी है। आदेश में साफ लफ्जों में लिखा है कि यदि भविष्य में किसी भी कर्मचारी द्वारा सीएमओ या प्रशासन के नाम पर कोई भी अफवाह फैलाई गई या गलत जानकारी प्रसारित की गई, तो बिना किसी कारण बताओ नोटिस के, तत्काल प्रभाव से उसकी सेवा समाप्ति (बर्खास्तगी) की कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भुगतने के लिए कर्मचारी खुद जिम्मेदार होगा।

### संयुक्त संचालक तक पहुंची फाइल

कार्यालयीन अनुशासन को चाक-चौबंद करने के लिए इस आदेश की प्रतिलिपि संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल संभाग, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी विभागों को तामील करा दी गई है। साफ है कि अब धनपुरी नगर पालिका में काम के बदले बहानेबाजी और सीएमओ के नाम की आड़ लेने का गंदा खेल नहीं चलेगा। जो काम नहीं करेगा या अफवाह फैलाएगा, वह सीधे घर बैठेगा।

### इनका कहना है...

कुछ लोगों द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है।

**पूजा बुनकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, धनपुरी**

## विशेष जनजातीय समूहों के लिए 18 से 25 मई तक चलेगा जनभागीदारी अभियान 402 चयनित ग्रामों में लगाए जाएंगे आदि सेवा शिविर, विभिन्न योजनाओं का मिलेगा लाभ



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान की जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कलेक्टर सभागार में सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विशेष जनजातीय समूहों के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शासन द्वारा 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक जिले में व्यापक जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना धरती आबा योजना तथा आदि कर्मयागी योजना के तहत जिले के चयनित 402 ग्रामों में विभिन्न विभागों के सहयोग से आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अभियान के लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, जनधन खाता, पीएम जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, एफआरए पट्टा तथा पीएम विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 19 मई को वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों एवं आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। अभियान के दौरान ग्राम संपर्क कार्यक्रम आयोजित कर जनमानस को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 20 मई को ग्राम संपर्क अभियान के माध्यम से जनजागरूकता गतिविधियां संचालित होंगी, वहीं 21 से 23 मई तक सभी ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों एवं जनसुनवाई शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। 24 मई को अभियान की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा 25 मई को जिला स्तर पर समीक्षा एवं मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान प्रत्येक गतिविधि का फोटोग्राफ एवं फीडबैक पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### शौर्य संकल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े परिसर को घोषित किया गया प्रतिबंधित क्षेत्र

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिला अनूपपुर में आयोजित होने वाले शौर्य संकल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने 15 मई से आगामी 45 दिनों तक की अवधि के लिए प्रशिक्षण से जुड़े समस्त परिसरों को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालक अनूपपुर एवं शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालिका छात्रावास अनूपपुर में छात्र-छात्राओं के रहने की व्यवस्था की गई है, जबकि डाइट भवन में मुख्य प्रशिक्षण और उससे लगे मैदान में शारीरिक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए इस पूरी अवधि में इन परिसरों के भीतर केवल शासकीय कार्य में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस बल को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। किसी भी अन्य बाहरी या अनाधिकृत व्यक्ति का आना-जाना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश में कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता है या परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### संजय साहू पुनः बने पैरालीगल वॉलेंटियर



**बदरा/जमुना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा जारी आदेश के तहत सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसेवक संजय साहू निवासी नवा टोला पकरिया सकोला को पुनः पैरालीगल वॉलेंटियर (पीएलवी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के कमजोर, पिछड़े, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग, अपराध पीड़ितों एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता और कानूनी सलाह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चयनित पैरालीगल वॉलेंटियर्स की सूची जारी की गई है, जिसमें संजय साहू का नाम भी शामिल है। संजय साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों एवं जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं क्षेत्र में आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में उनकी महत्वपूर्ण पहचान रही है सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर वे लगातार सक्रिय रहते हैं और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य भी करते रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि संजय साहू की नियुक्ति से जरूरतमंद एवं गरीब तबके के लोगों को न्यायिक सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी उनकी सक्रियता और समाजसेवा की भावना को देखते हुए लोगों ने इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। संजय साहू ने कहा कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### कलेक्टर कि अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय कि अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न हुई । बैठक में कौशल विकास से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना, लक्ष्यों की पूर्ति हेतू कार्ययोजना बनाने , प्लेसमेंट आईटीआई में प्रवेश की कार्ययोजना बनाने , आई.टी.आई के बाद कैरियर के अवसर पर चर्चा की गई। बैठक मे एमएमएसकेवाय की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 37 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है । संस्था स्तर पर विभिन्न कंपनी व्दारा प्ले समेंट ड्राइव का आयोजन, युवा संगम के माध्यम से प्लेसमेंट किया जा रहा है । संजय गाँधी थर्मल पोवेर स्टेशन में 57 प्रशिक्षणार्थी कार्यरत है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना,पीएम विश्व।कर्मा योजना के तहत 57 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## अस्पताल की नकारा व्यवस्था ने ली युवक की जान

# रफ्तार का कहर: दो चिराग बुझे







**मानपुर।**

नेशनल हाईवे पर सोमवार की सुबह आम दिनों की तरह ही शुरू हुई थी, लेकिन चंद सेकेंड के भीतर रफ्तार के एक खूनी खेल ने दो हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां हमेशा-हमेशा के लिए छीन लीं। जिला मुख्यालय से मानपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सरमनिया मोड़ उस वक्त चीखों से दहल उठा, जब एक बेकाबू, तेज रफ्तार मौत बनकर दौड़ रही कार और सामने से आ रही बाइक के बीच रोंगटे खड़े कर देने वाली आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार दो युवक हवा में उछलकर कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे।

### मौके पर ही हैदर की मौत, तड़पता रहा अनिल

चश्मदीदों के मुताबिक, सुबह का यातायात सामान्य था कि तभी एक अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के दुकानदार और ग्रामीण सहम गए और घरों से बाहर की तरफ भागे। सड़क पर चारों तरफ खून पसरा हुआ था। हादसे में बाइक चला रहे हैदर खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी सांसें घटना स्थल पर ही थम चुकी थीं। वहीं, बाइक के पीछे बैठा अनिल रजक लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा दर्द से तड़पता रहा। उसके सिर और शरीर पर बेहद गंभीर चोटें आई थीं, और वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था।

### बदहाल स्वास्थ्य सिस्टम की भेंट चढ़ी एक और जिंदगी

स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल अनिल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर पहुंचाया गया, लेकिन असली त्रासदी तो अभी बाकी थी। अस्पताल पहुंचते ही सिस्टम की वो बदसूरत और संवेदनहीन तस्वीर सामने आई, जो अक्सर गरीब और मजलूमों की जान की दुश्मन बनती है। डॉक्टरों ने इलाज तो शुरू किया, लेकिन अनिल की हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों का सीधा और तीखा आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने चरम लापरवाही दिखाई। गंभीर हालत के बावजूद समय पर एम्बुलेंस तक मुहैया नहीं कराई गई।

### परिजनों का फूटा गुस्सा

अगर अस्पताल प्रशासन ने वक्त रहते मुस्तैदी दिखाई होती, समय पर रेफर करने की व्यवस्था और एम्बुलेंस मिल जाती, तो शायद अनिल आज हमारे बीच जिंदा होता। अस्पताल की इसी नकारा व्यवस्था ने अनिल को हमसे छीन लिया। युवक की मौत के बाद अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा काटा। रोते-बिलखते परिजनों की चीखों से अस्पताल का कोना-कोना गूंज उठा और वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

### पुलिसिया कार्रवाई और सुलगते सवाल

हंगामे की खबर मिलते ही मानपुर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर शांत कराया और सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर यातायात बहाल कराया। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और चश्मदीदों के बयान दर्ज करने में जुटी है। प्राथमिक तौर पर हादसे की वजह अंधाधुंध रफ्तार बताई जा रही है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल तेज रफ्तार को दोष देकर यह सिस्टम अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेगा। सड़कों पर दौड़ते इन काल-रूपी वाहनों पर लगाम कब लगेगी और सबसे बड़ा सवाल क्या समय पर इलाज न दे पाने वाले अस्पताल प्रबंधन की इस कथित लापरवाही पर कोई ठोस कार्रवाई होगी या फिर हमेशा की तरह फाइलें धूल खाती रहेंगी? जवाब का इंतजार उमरिया की जनता को है।

## कोतमा-बिजुरी में गले से चैन लूटने का मामला आया सामने



**कोतमा।** नगर में एक महिला के गले पर चैन लूटने का मामला सामने आया है। घटना रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन की बढ़ाई जा रही है। क्योंकि साप्ताहिक बाजार के दिन नगर में काफी भीड़भाव रहती है और इसी का फायदा अज्ञात आरोपियों के द्वारा उठाते हुए रविवार की शाम लगभग 7:30 बजे नगर के जकीरा चौक के पास दो अज्ञात आरोपियों जिनमें वाहन चालक हेलमेट फहना हुआ था तथा पीछे बैठा व्यक्ति सिर मे टोपी एवं गले मे गमछा पहने हुए थे अकेली महिला का पीछा करते हुए आये और गले से सोने की चौन लूटकर भाग गये जब तक महिला चिल्लाते तब तक आरोपी दो पहिया वाहन मे भाग गये। बताया जा रहा है कि महिला वार्ड क्रमांक छः निवासी सरोज त्रिपाठी बताई जा रही है। चैन लूटने की घटना के बाद महिला बेहोश हो गई जिसे उपचार के लिए शहडोल मे प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। चैन लूटने की घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल ही नगर में लगे सीसी कैमरो से फुटेज तलाश करने में जुट गए जहां सीसी कैमरे में तीन लोग कैद हो गए वहीं पुलिस को कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं और जल्द ही अज्ञात आरोपियों को पकड़ने की बात पुलिस के द्वारा की जा रही है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। सोमवार को कोतमा नगर में हुई चेन स्नेचिंग घटना के संदिग्धों की फोटो वायरल भी सोशल मीडिया मे हो रही है। 18 मई सोमवार की सुबह बिजुरी थाना क्षेत्र में भी चेन स्नेचिंग की घटना हुई है जिसमें अज्ञात आरोपियों के द्वारा एक महिला के गले से चैन लूटकर भागने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने अज्ञात आरोपियों की फोटो वायरल करते हुए आम जन से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी भी व्यक्ति को यह व्यक्ति दिखाई देते हैं तो नजदीकी थाने कोतमा, बिजुरी में सूचित करे।

## 15 वर्षीय मयंक की संदिग्ध मौत से दहला इलाका

# जंगल में मिला खून से लथपथ शव: हत्या की बू

**मानपुर।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारनिया के घने जंगलों में रविवार को एक ऐसी खौफनाक तस्वीर सामने आई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी और पुलिस महकमे के होश उड़ा दिए। बीते 14 मई से रहस्यमयी ढंग से लापता चल रहे 15 वर्षीय किशोर मयंक चौधरी का शव झाड़ियों के बीच खून से लथपथ हालत में बरामद हुआ है। शव की वीभत्स स्थिति को देखकर साफ तौर पर बर्बर हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस खूनी वारदात के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।

### रिश्तेदारों के घर आया था घूमने

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटनी जिले के लालनगर कैमोर का रहने वाला मयंक चौधरी महज कुछ दिन पहले ही मानपुर में अपने रिश्तेदारों के घर छुट्टियां बिताने और घूमने आया था। किसे पता था कि यह सफर उसके जीवन का आखिरी सफर साबित होगा। परिजनों के मुताबिक, 14 मई की शाम करीब



6:30 बजे वह अचानक घर से लापता हो गया। हर संभावित जगह पर खाक छानने के बाद भी जब मयंक का सुराग नहीं मिला, तो बदहवास रिश्तेदारों ने मानपुर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दो से तीन दिन पुराना है शव

शनिवार को सारनिया के जंगल की तरफ गए कुछ ग्रामीणों की नजर जब झाड़ियों के बीच पड़ी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वहां एक लड़के की लाश पड़ी थी और आस-पास खून के गहरे धब्बे बिखरे हुए थे। ग्रामीणों की सूचना पर मानपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और इलाके को सील किया। शिनाख्त होने पर जैसे ही पता चला कि यह शव मयंक का है, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शव की हालत इतनी बदतर थी कि देखने वालों की रूह कांप गई। बताया जा रहा है कि शव करीब दो से तीन दिन पुराना है और उसके शरीर पर चोटों के गहरे निशान हैं, जो चीख-चीखकर किसी घिनौनी साजिश और बेरहमी से की गई हत्या की गवाही दे रहे हैं।

### आखिर मयंक का कातिल कौन?

मासूम मयंक की इस दर्दनाक मौत ने पुलिसिया गश्त और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर 15 साल के एक मासूम बच्चे से किसी की क्या दुश्मनी हो सकती है? क्या उसे बहला-फुसलाकर जंगल ले जाया गया या फिर अपहरण कर वारदात को अंजाम दिया गया? रो-रोकर बेहाल हो चुके परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कर हत्यारों को तुरंत फांसी के फंदे तक पहुंचाने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस भले ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पीछे छिपकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रही हो, लेकिन जमीनी हालात साफ इशारा कर रहे हैं कि यह एक सोची-समझी हत्या है। अब देखना यह है कि मानपुर पुलिस इस अंधे कत्ल की गुत्थी को कब तक सुलझा पाती है या फिर एक और मासूम का परिवार इंसाफ के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होगा।

### इनका कहना है...

सारनिया जंगल से शव बरामद किया गया है, जो दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। मौत की असली वजह और चोटों की सटीक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस हर एंगल और हर संदेही पर पैनी नजर रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है।

**मुकेश मस्कुले**
**थाना प्रभारी, मानपुर**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**उमरिया।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए विभिन्न चरणों की समय-सीमा निर्धारित की गई। मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 22 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मई तथा उनके निराकरण की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है। निराकृत आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 5 जून तक तथा चेकलिस्ट तैयार करने का कार्य 6 जून तक किया जाएगा। त्रुटि सुधार उपरांत सूची को 8 जून तक वेंडर को वापस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 10 जून तक जनरेट की जाएगी। फोटोरहित सूची का मुद्रण कर उसे रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 16 जून तक उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर निकाय वार्डों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची की पीडीएफ, डीवीडी एवं सीडी 19 जून तक प्राप्त की जाएगी तथा 20 जून तक विक्रय हेतु उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही सार्वजनिक प्रकाशन प्रमाण-पत्र अपलोड करने, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध कराने एवं स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करने की कार्रवाई 22 जून तक पूरी की जाएगी। बैठक में नगर पालिका परिषद पाली, नगर परिषद मानपुर तथा विभिन्न जनपद पंचायतों के भवन परिवर्तन संबंधी जानकारी भी प्रस्तुत की गई। 21 नवंबर 2025 की स्थिति अनुसार नगर पालिका परिषद उमरिया, पाली, नगर परिषद चंदिया, नौरोजाबाद एवं मानपुर में कुल 84 वार्ड एवं 112 मतदान केंद्र हैं। इन क्षेत्रों में कुल 82 हजार 873 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 41 हजार 761 पुरुष, 41 हजार 109 महिला तथा 3 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जिले में कुल 717 मतदान केंद्र एवं 4 लाख 6 हजार 392 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 2 लाख 7 हजार 705 पुरुष तथा 1 लाख 98 हजार 686 महिला मतदाता शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 236 प्राधिकृत कर्मचारी निर्वाचन कार्य में नियुक्त किए गए हैं। बैठक के उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची का वितरण भी किया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डीएसपी आजाक राघवेंद्र द्विवेदी सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### गोवर्धन पूजा प्रसंग में झूम उठा कोयलांचल, भक्ति रस में सराबोर हुए हजारों श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** कोयलांचल क्षेत्र इन दिनों धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के रंग में रंगा हुआ है। वार्ड क्रमांक 07, भालूमाड़ा थाना के पास पसान स्थित गुड्डू मिश्रा एवं श्रीमती सीता मिश्रा के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा स्थल पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया है, जहां "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्ण" के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं। 17 मई को कथा के दौरान गोवर्धन पूजा प्रसंग का अत्यंत अद्भुत एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। विख्यात कथावाचक आचार्य पं. धर्मेन्द्र अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर भक्तों की रक्षा करने की कथा सुनाई, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा एवं संगीतमय भजनों पर हजारों श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते और नृत्य करते नजर आए। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। 18 मई को रुक्मणी विवाह प्रसंग का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें अपार महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल को आकर्षक सजावट एवं रोशनी से सजाया गया है। प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की जा रही है। मुख्य यजमान भगवानदास मिश्रा एवं श्रीमती भागवती मिश्रा ने बताया कि कथा आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है। आयोजन में परिवार एवं क्षेत्रवासियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। आचार्य पं. धर्मेन्द्र अवस्थी जी मूल रूप से चित्रकूट धाम से जुड़े हुए हैं। श्रद्धालु उनके यूट्यूब चैनल "आचार्य धर्मेंद्र अवस्थी जी" के माध्यम से भी कथा श्रवण कर सकते हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**उमरिया।**

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, आयुक्त कार्यालय, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त पत्रों एवं फैक्ट न्यूज मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





बैठक में कलेक्टर श्रीमती सहाय ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जिन घाटों पर नावों का संचालन होता है, वहां नियमित निरीक्षण किया जाए तथा नाव संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने पटाखा निर्माण एवं भंडारण स्थलों का भी निरीक्षण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया जाए, वहां संबंधित लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाते हैं तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख की होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में जाकर मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी स्कूलों में पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही वॉश एंड व्हील योजना के तहत सशुल्क सेवा के माध्यम से स्वच्छता कार्य कराने पर भी जोर दिया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया एवं अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लीनेस क्लब बुढ़ार द्वारा छाछ एवं गमछा वितरण



**धनपुरी।** भीषण गर्मी को देखते हुए लीनेस क्लब द्वारा सेवा कार्य करते हुए राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंडी छाछ का वितरण किया गया तथा गर्मी से बचाव के लिए गमछे भी वितरित किए गए। यह सेवा कार्यक्रम सिंधु गुरुद्वारा बुढ़ार के सामने आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने राहत प्राप्त की। क्लब की सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को छाछ पिलाई एवं गमछे वितरित किए। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष बिन्दा भगत ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वहीं क्लब की कोषाध्यक्ष ने बताया कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की छोटी-छोटी सेवाएँ लोगों को राहत पहुँचाने का कार्य करती हैं।
कार्यक्रम में क्लब की सदस्य सरिता अग्रवाल बबीता जायसवाल शैला गुप्ता प्रतिमा जैन उपस्थित रहीं।

### युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोडिया में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नरेन्द्र कोल 25 वर्ष निवासी कोडिया ने 16 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे अपने ही घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई ने थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी की संदिग्ध मौत

**कटनी।** रीठी थाना के भरतपुर ग्राम की एक किशोरी की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नीलम चौधरी 16 वर्ष निवासी भरतपुर के पेट और गले में तेज दर्द की शिकायत के बाद शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था, जहाँ 16 मई की सुबह 10:10 बजे उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल की वार्ड बॉय की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### अधेड़ का शव मिला

**कटनी।** कुठला थाना के ग्राम पूछी स्थित शारदा इंड्स्ट्रीज चूना भट्टा में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुरारी उर्फ राम चरण बर्मन 50 वर्ष निवासी जोबी कला के रूप में हुई। बताया जाता है कि दोपहर करीब 2 बजे के बीच मुरारी की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मर्ग कायम किया। बहरहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### महिला से मारपीट

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गल बैलट घाट क्षेत्र में महिला से मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार गायत्री नगर की रहने वाली 28 वर्षीय अनीता खान के साथ वैलट घाट में सरेराह मारपीट की गई। अनीता ने पुलिस को बताया कि राजा निषाद ने उसके घर के सामने उन्हें रोक लिया और गालियां देते हुए हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2) और 351(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है।

### घरेलू विवाद पर पत्नी ने पति से की मारपीट

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरिया में घरेलू विवाद पर मारपीट की घटना हो गई। बजरिया में किराए से रहने वाले कैलाश सोनी 35 वर्ष, मूल निवासी स्लीमनाबाद और उनकी पत्नी नीतू सोनी के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई। गुस्से में आकर पत्नी नीतू सोनी ने कैलाश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे कैलाश को चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के झिंझरी में भी मारपीट की घटना हुई। यहां रहने वाली 42 वर्षीय मिथलेश दाहिया के साथ राकेश दाहिया ने मामूली बात पर विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि राकेश ने आव देखा न ताव और की गालियां देते हुए मिथलेश की बेरहमी से पिटाई कर दी।

---

### सीएमओ पूजा बुनकर की पहल रंग लाई, सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसी कैमरों ने संभाली नगर की सुरक्षा

# धनपुरी में तीसरी आंख का पहरा: अब चोर-उचक्कों की उल्टी गिनती शुरू

**धनपुरी। नगर में वर्षों से उठ रही "तीसरी आंख" की मांग आखिरकार पूरी हो गई। नगर पालिका सीएमओ पूजा बुनकर के निर्देश पर नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में सौर ऊर्जा से संचालित आधुनिक सीसी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरे लगते ही नगरवासियों में खुशी और अपराधियों में बेचैनी का माहौल देखा जा रहा है।**

नगर के सबसे व्यस्त और हृदय स्थल आजाद चौक स्थित हैलोजन पोल पर हाईटेक सीसी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक-1 नेहरू चौक और इमामबाड़ा चौक में भी तीसरी आंख सक्रिय कर दी गई है। खास बात यह है कि यह कैमरे पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होंगे, जिससे बिजली गुल होने पर भी निगरानी व्यवस्था बाधित नहीं होगी। नगर में लंबे समय से साइकिल और मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं आम हो चुकी थीं। कई बार बाजार क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर लोगों में डर का माहौल बना रहता था। पूर्व परिषद की बैठकों में भी पार्षदों ने बार-बार सीसी कैमरे लगाने की मांग उठाई थी। अब कैमरे लगने के बाद पुलिस प्रशासन को अपराधियों तक पहुंचने में बड़ी मदद मिलेगी। फुटेज के आधार पर चोरी और अन्य घटनाओं का खुलासा आसान होगा तथा



अपराधियों की हर गतिविधि कैमरे में कैद होगी।स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि नगर को ऐसे ही ईमानदार, सक्रिय और जनता के प्रति जवाबदेह अधिकारियों की जरूरत थी। लोगों ने सीएमओ पूजा बुनकर की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि बरसों पुरानी मांग को धरातल पर उतारकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति हो तो विकास कार्य संभव हैं।आजाद चौक में कैमरे लगने के बाद अब अपराधियों में डर साफ दिखाई देने लगा है। बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर तीसरी आंख की नजर रहेगी। नगरवासियों का मानना है कि आने वाले समय में यदि अन्य वार्डों और प्रमुख मार्गों में भी इसी तरह सीसी कैमरे लगाए गए तो धनपुरी की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी तथा अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा।

---

## मुख्य मार्गों पर डिवाइडर नहीं, बढ़ते हादसे और जाम से जूझ रहा धनपुरी





### व्यापार पर असर, नागरिकों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल; नगरवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की ठोस पहल की मांग

**धनपुरी।** नगर पालिका अंतर्गत मुख्य नगर क्षेत्र में आज तक व्यवस्थित रोड डिवाइडर का निर्माण नहीं हो पाना अब केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और विकास संबंधी गंभीर उदासीनता के रूप में देखा जाने लगा है। नगर की लगातार बढ़ती आबादी, वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि और व्यस्त बाजारों में दिनभर लगने वाले जाम के बावजूद यदि मुख्य मार्गों को व्यवस्थित करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, तो यह नगर विकास की योजनाओं पर भी सवाल खड़े करता है।
नगर के मुख्य बाजार, व्यावसायिक क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले मार्गों में डिवाइडर न होने से यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित बना रहता है। दिनभर वाहन चालकों के बीच ओवरटेकिंग,



गलत दिशा से प्रवेश और सड़क किनारे अवैध पार्किंग के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। इससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में यातायात अव्यवस्थित होने के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई बार जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति के चलते लोग बाजार आने से बचते हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय व्यापार पर दिखाई देने लगा है। त्योहारों और साप्ताहिक बाजार के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। नगरवासियों का मानना है कि रोड डिवाइडर केवल सड़क सौंदर्यीकरण का विषय नहीं है, बल्कि यह नागरिक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और व्यापारिक सुगमता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आधारभूत निर्माण है। यदि मुख्य मार्गों पर व्यवस्थित डिवाइडर बनाए जाएं, संकेतक लगाए जाएं और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया जाए, तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ-साथ बाजारों में आवागमन भी सुगम हो सकेगा।
स्थानीय लोगों ने यह भी मांग उठाई है कि नगर पालिका, यातायात विभाग और जनप्रतिनिधि संयुक्त रूप से नगर के प्रमुख मार्गों का सर्वे कर प्राथमिकता के आधार पर रोड डिवाइडर निर्माण की योजना तैयार करें। नागरिकों का कहना है कि वर्षों से यह मांग केवल चर्चाओं तक सीमित रही है, जबकि जमीन पर कोई प्रभावी कार्यवाही दिखाई नहीं देती।
नगरवासियों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि राजनीतिक स्वार्थों और अस्थायी योजनाओं से ऊपर उठकर धनपुरी नगर के दीर्घकालिक विकास, व्यापारिक हितों और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए तथा शीघ्र ही मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों में रोड डिवाइडर निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कराई जाए, ताकि नगर को जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से राहत मिल सके।

---

## जनजातीय समुदायों के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर आज से शुरू

**करकेली,मानपुर और पाली में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त**

**उमरिया।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं संचालनालय जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं, भोपाल के निर्देशानुसार पीएम जनमन एवं डीए-जेजीयूए योजनाओं के अंतर्गत शामिल ग्रामों में पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) समुदायों के लिए 18 मई से 25 मई 2026 तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर आयोजित होगा, जिसके तहत लाभार्थी संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि जिले के चयनित 334 ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु जनपद पंचायत करकेली, मानपुर एवं पाली के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी ग्रामवार तय तिथियों के अनुसार कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करें। इसके लिए ग्राम स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों सहित आवश्यक फील्ड अमले की ड्यूटी लगाई जाएगी।
उन्होंने कहा कि चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारियों से समन्वय किया जाए। साथ ही सभी विभाग प्रमुख अपनी-अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों, कर्मयोगियों एवं गैर-सरकारी संगठनों द्वारा गांवों का भ्रमण कर लोगों को शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।
जिले में 21 मई से 23 मई 2026 तक चयनित ग्रामों में प्रतिदिन जनसुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्राप्त आवेदन एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को संतुष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 24 मई को प्राप्त आवेदन, शिकायत एवं सुझावों के निराकरण का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। संबंधित जानकारी 25 मई 2026 को प्रातः 11 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा,ताकि जिला स्तरीय डीब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया जा सके।

---

## कलेक्टर ने 'सबसे दूर, सबसे पहले' जनभागीदारी सप्ताह अभियान का किया शुभारंभ



**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनभागीदारी सप्ताह 'सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 18 से 25 मई 2026 तक जिले के चयनित 334 ग्रामों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों, विशेषकर बैगा समुदाय को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩा और दूरस्थ क्षेत्रों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है।
यह अभियान जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं संचालनालय जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनमन एवं धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान चयनित गांवों में संतृप्ति शिविर लगाए जाएंगे, जहां आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,पीएम किसान सम्मान निधि,राशन कार्ड,पीएम जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना,पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान,राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, वनाधिकार पट्टा तथा पीएम विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न हितग्राही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही पेयजल, बिजली और सडक़ जैसी मूलभूत सुविधाओं के संतृप्तिकरण पर भी जोर रहेगा। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत वृक्षारोपण, जनसुनवाई, अभिलेखीकरण एवं डीब्रीफिंग जैसी गतिविधियां भारत सरकार द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार संपादित कराई जाएं। साथ ही प्रतिदिन की गतिविधियों के वीडियो और फोटो साझा करने के निर्देश भी दिए गए।
अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी संबंधित विभागों को प्रतिदिन शिविर आयोजित कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश जारी

**उमरिया।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र के परिपालन में जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को जिला उमरिया अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार विभाग प्रमुखों के स्थान पर अन्य सहायक अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जिससे शिकायतों के त्वरित निराकरण में असुविधा होती है। इस कारण समस्त विभाग प्रमुखों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के अनुसार जिला स्तर के साथ-साथ अनुभाग स्तर पर भी प्रति मंगलवार नियमित जनसुनवाई आयोजित की जानी है। इसके तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त तहसीलदार एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी अपने-अपने अनुभाग मुख्यालय में उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील एवं अनुभाग स्तर से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिनका निराकरण स्थानीय स्तर पर तत्काल किया जा सकता है। इसलिए आगामी जनसुनवाई से सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (व्हीसी) के माध्यम से जिला मुख्यालय से जुड़ेंगे। आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, जिला उमरिया को निर्देशित किया गया है। जनसुनवाई में कई असाध्य रोगों से पीड़ित, दिव्यांग, उच्च रक्तचाप एवं शुगर के मरीज भी पहुंचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया को निर्देश दिए गए हैं कि जनसुनवाई के दिन कम से कम एक चिकित्सा अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी आवश्यक उपकरण एवं दवाइयों सहित लगाई जाए।

---

## जनगणना 2027 के तहत मकान सूची करण एवं मकान गणना का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**295 एचएलबी में मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण**

**शहडोल।** जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूची करण एवं मकान गणना का कार्य 01 मई से किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने बताया कि इस कार्य हेतु ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों को मिलाकर 13 चार्ज बनाए गए हैं। जिले में 1990 एचएलबी बनाए गए हैं। जिन में से 295 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले में गणना मकानों की अनुमानित संख्या 349461 है। जिसमें से 316913 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। इस प्रकार जिले में 90.69 प्रतिशत मकान गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है।
अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सरोधन सिंह ने बताया कि ब्यौहारी ग्रामीण चार्ज में 349 एचएलबी है जिनमें से 47 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 56455 के विरूद्ध 44468 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 78.77 प्रतिशत है। जयसिंहनगर ग्रामीण चार्ज में 379 एचएलबी है जिनमें से 30 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 63425 के विरूद्ध 52707 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 83.10 प्रतिशत है। सोहागपुर ग्रामीण चार्ज में 269 एचएलबी है जिनमें से 132 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 50446 के विरूद्ध 48750 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 96.64 प्रतिशत है।
बुढ़ार ग्रामीण चार्ज में 142 एचएलबी है जिनमें से 06 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 25642 के विरूद्ध 25540 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 99.60 प्रतिशत है।
गोहपारू ग्रामीण चार्ज में 205 एचएलबी है जिनमें से 21 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 30758 के विरूद्ध 34775 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 113.06 प्रतिशत है।
जैतपुर ग्रामीण चार्ज में 293 एचएलबी है जिनमें से 30 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 50611 के विरूद्ध 48834 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 96.49 प्रतिशत है।
नगरीय क्षेत्र खांड नगर पंचायत चार्ज में 17 एचएलबी है जिनमें से 02 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 3278 के विरूद्ध 2710 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 82.67 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र ब्यौहारी नगर पंचायत चार्ज में 42 एचएलबी है जिनमें से 11 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 9037 के विरूद्ध 8212 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 90.87 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र जयसिंहनगर नगर पंचायत चार्ज में 16 एचएलबी है जिनमें से 06 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 3494 के विरूद्ध 3231 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 92.47 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र शहडोल नगर पालिका चार्ज में 142 एचएलबी है जिनमें से 05 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 31748 के विरूद्ध 23949 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 75.43 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र बकहो नगर पंचायत चार्ज में 40 एचएलबी है जिनमें से 0 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 5556 के विरूद्ध 5486 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 98.74 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र बुढ़ार नगर पंचायत चार्ज में 29 एचएलबी है जिनमें से 0 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 5718 के विरूद्ध 5809 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 101.59 प्रतिशत है। नगरीय क्षेत्र धनपुरी नगरपालिका चार्ज में 67 एचएलबी है जिनमें से 05 एचएलबी द्वारा मकान गणना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां अनुमानित मकान गणना संख्या 13293 के विरूद्ध 12442 मकानों की गणना पूरी कर ली गई है। उपलब्धि 93.60 प्रतिशत है।

## खबर संक्षेप

### जिला प्रशासन अनूपपुर ने दिखाई तत्परता एवं संवेदनशीलता



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक के निर्देशन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ सतीश तिवारी द्वारा संवेदनशील एवं त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए दिवंगत शिक्षक रमेश सिंह धुर्वे के परिजनों को एक ही दिवस में 5 लाख रुपए बीमा राशि तथा 1 लाख 25 हजार रुपए अनुग्रह सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमेहड़ी में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं संकुल दमेहड़ी के पूर्व प्रभारी प्राचार्य रमेश सिंह धुर्वे का लंबी बीमारी के उपरांत 14 मई को निधन हो गया। सूचना प्राप्त होते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी द्वारा उनके गृह ग्राम घुईदादर पहुंचकर अंतिम संस्कार में सहभागिता की गई तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया गया। इसके उपरांत विभागीय प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर 5 लाख रुपए बीमा राशि एवं 1 लाख 25 हजार रुपए अनुग्रह सहायता राशि नामिनी के खाते में अंतरित कराई गई। प्रशासन की इस त्वरित एवं मानवीय पहल को शिक्षा विभाग तथा क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा सराहनीय बताया।

### पत्रकार अरविंद बियानी की माता जी का 82 वर्ष की आयु में निधन, सर्वत्र शोक की लहर व्याप्त



**अनूपपुर।** नगर के पत्रकार अरविंद बियानी की माता जी एवं पत्रकार हिमांशु बियानी की दादी जी श्रीमती कांता बियानी का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही सर्वत्र शोक की लहर व्याप्त हो गई। 15 मई को सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं ईश्वर से प्रार्थना की गई कि ईश्वर उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं दुख संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

### प्रियंक कानूनगो 01 जून को जिले के भ्रमण पर रहेंगे

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो 01 जून को प्रातः 10 बजे से अनूपपुर जिले का भ्रमण करेंगे। इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य मानव अधिकार, समावेशी विकास, कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न अधिनियमों के जमीनी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करना है। आयोग के सदस्य के सुचारू समन्वय, बैठक एवं स्थल निरीक्षण हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के.के. सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते को नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई है।

### सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए नामांकन 30 सितंबर तक आमंत्रित

**अनूपपुर।** सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए नामांकन 30 सितंबर तक किए जा सकते हैं। विजेताओं की घोषणा 23 जनवरी 2027 को की जाएगी। सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार का उद्देश्य रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान, नवाचार और पूर्व चेतावनी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता को सम्मानित करना है। इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और पदक तथा संस्थानों के लिए एक प्रशस्ति पत्र और पट्टिका शामिल है। पुरस्कार के लिए आवेदन पद पर राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं।

---

रामनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# नई चमचमाती किआ सोनेट में मिला करोड़ों का गांजा







### 225 किलो अवैध गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए नई खरीदी गई किआ सोनेट कार से 225.740 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। गांजे की कीमत करीब 1 करोड़ 12 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क, वाहन मालिक और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

मादक पदार्थों की तस्करी अब गांवों और छोटे शहरों तक अपनी जड़ें फैलाने लगी है। अपराधी आधुनिक और महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल कर कानून को चुनौती दे रहे हैं। रामनगर पुलिस की कार्यवाही ने यह साफ कर दिया कि जिले के रास्तों का इस्तेमाल अब नशे के बड़े कारोबार के लिए किया जा रहा था। खास बात यह है कि जिस किआ सोनेट कार से गांजा बरामद हुआ, वह महज 18 दिन पहले ही खरीदी गई थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ मरवाही की ओर से एक वाहन में भारी मात्रा में गांजा लाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने फुलवारीटोला मार्ग पर घेराबंदी की और कार्यवाही को अंजाम दिया है। यह मामला केवल एक गिरफ्तारी नहीं, बल्कि युवाओं को बर्बाद कर रहे नशे के उस काले कारोबार का चेहरा है जो धीरे-धीरे समाज को खोखला कर रहा है।

#### नई कार में छुपा था करोड़ों का नशा

रामनगर पुलिस ने जिस किआ सोनेट कार को पकड़ा है, वह बिना नंबर की नई "न्यू सोल्ड" गाड़ी थी। वाहन क्रमांक एमपी 19 सी 0003 में पैकेटों में भरकर गांजा छिपाया गया था। पुलिस जांच में कुल 225.740 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। नारकोटिक विंग इंदौर के परिपत्र अनुसार इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ 12 लाख 87 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने वाहन, मोबाइल और अन्य सामग्री भी जब्त की है। इस कार्यवाही ने जिले में सक्रिय तस्करी नेटवर्क की गंभीरता उजागर कर दी है।

#### पुलिस को देखते ही पेड़ से टकराई कार

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फुलवारीटोला मार्ग में नाकाबंदी की थी। जैसे ही संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख चालक ने कार को सड़क से नीचे उतार दिया, जिससे वाहन पेड़ से जा टकराया। हादसे के बाद वाहन में सवार एक आरोपी भाग निकला, जबकि चालक सुमित मिश्रा उर्फ बेटू को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है और बरामद मोबाइलों से पुलिस अहम सुराग जुटा रही है।

#### युवाओं को निगल रहा नशे का काला कारोबार

गांजा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी अब केवल सीमावर्ती राज्यों तक सीमित नहीं रही है। छोटे जिलों और कस्बों को भी तस्करों ने ट्रांजिट रूट बना लिया है। सबसे चिंता की बात यह है कि इस कारोबार में नवयुवा तेजी से शामिल हो रहे हैं। आसान पैसे की चाह में कई युवक अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। यह केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक संकट भी है। यदि समय रहते कठोर कार्यवाही और जनजागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

#### पुलिस जांच में खुल सकते हैं बड़े नाम

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां से लाया गया और किस नेटवर्क के जरिए इसकी सप्लाई होनी थी। वाहन हाल ही में खरीदा गया था, इसलिए पुलिस वाहन मालिक और वित्तीय लेन-देन की भी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है। यदि जांच गहराई से हुई तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। जिले में लंबे समय से चल रही मादक पदार्थों की गतिविधियों पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

#### कार्यवाही में शामिल रही पुलिस टीम

यह पूरी कार्यवाही थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में की गई है। टीम में एएसआई विनोद नाहर, संतोष पट्टा, उमेश तिवारी, एचसी सनत द्विवेदी, अमित पटेल, राहुल प्रजापति, आरक्षक अनुराग भार्गव, मूरत सिंह और मदगेन्द्र पटेल शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई इस कार्यवाही को जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

---

# भाजपा नेता की कूलर फैक्ट्री में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात उस समय हड़कंप मच गया, जब भाजपा नेता विजय शुक्ला की कूलर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरा परिसर इसकी चपेट में आ गया, प्रारंभिक अनुमान के अनुसार हादसे में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई है घटना रात लगभग 1:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस, नगर परिषद और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के मुताबिक जैतहरी नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष नवरत्नी शुक्ला के पति एवं भाजपा नेता विजय शुक्ला की कूलर फैक्ट्री उनके घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। देर रात अचानक फैक्ट्री से आग की लपटें उठने लगीं। आग तेजी से फैलती चली गई और फैक्ट्री में रखे करीब 700 कूलर, भारी मात्रा में कच्चा माल तथा एक क्रेटा कार जलकर पूरी तरह खाक हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही जैतहरी नगर परिषद, अनूपपुर नगर पालिका और एमबी पावर प्लांट की फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए सुबह करीब 5 बजे तक आग पर काबू पाया है थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा



रही है। वहीं नगर में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी तेज हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

#### अनूपपुर में खुले मैदान में रखे पाइपों में लगी भीषण आग

जिला मुख्यालय में अमरकंटक रोड स्थित पुल के पास खुले मैदान में रखे पाइपों में सोमवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र धुएं और आग की लपटों से घिर गया। आग का धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई। घटना में हुए नुकसान का आंकलन भी अभी नहीं हो सका है।

---

# एपीसी से जुड़े विभाग दारसागर एवं भाद में किसानों को चिन्हित कर करें क्लस्टर डेवलप - कलेक्टर

### जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से किया जाए सुनिश्चित

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्देश दिए कि जिले की ग्राम पंचायत दारसागर एवं भाद के किसानों को चिन्हित कर क्लस्टर विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि एपीसी से जुड़े विभाग उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन एवं कृषि विभाग अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं तथा उन्हें कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। उन्होंने किसानों को पॉलीहाउस परियोजना सहित मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर पंचोली ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति नियमित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को आपूर्ति व्यवस्था की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जिलेवासियों से अपील की कि वाहनों का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करें, ताकि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं रुचि लेकर शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करें तथा शिकायतों का निराकरण कर गुणवत्तापूर्ण जवाब दर्ज कराएं। इस दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड की अद्यतन स्थिति, राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं विलोपन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों सहित विभिन्न विभागों के प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर पंचोली ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जल दर्पण पोर्टल पर रोजगार सहायकों को ऑनबोर्ड किए जाने की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी जनपदों में रोजगार सहायकों को शीघ्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाए तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट प्राप्त की जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक जल पहुंच रहा



है या नहीं। कलेक्टर पंचोली ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा जल दर्पण पोर्टल पर रोजगार सहायकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, संबल योजना अंतर्गत लंबित आवेदन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, ई-ऑफिस प्रणाली के व्यवस्थित उपयोग, चना एवं मसूर उपार्जन की स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

---

# एक खतरनाक हाथी पांचवें दिन ठहरा रामपुर के जंगल में

## चार हाथियों का समूह पहुंचा छत्तीसगढ

### रेस्क्यू के लिए होगा परिक्षण'

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** चार हाथियों का समूह जैतहरी के इलाके से गुजर नाला पार कर सोमवार की सुबह छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दैगांव गांव से लगे राजस्व के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं वही एक खतरनाक हाथी सोमवार को अनूपपुर जिले से लगे शहडोल जिले के केसवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं वन बीट रामपुर के जंगल में आज पांचवे दिन ठहरा हुआ है इस हाथी द्वारा डेढ़ माह के मध्य मरवाही अनूपपुर एवं शहडोल जिले में चार व्यक्तियों को एवं आठ पालतू मलेशिया को मार डालने दो बालको एवं एक पुरुष पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने से आकोषित ग्रामीणो की मांग पर जनप्रतिनिधियों के निरंतर दबाव के कारण वन विभाग के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू टीम के द्वारा इस हाथी के विचरण एवं स्वभाव का परीक्षण कर रेस्क्यू की कार्यवाही करने की संभावना बन रही है। अनूपपुर एवं शहडोल जिले में विचरण कर रहे पांच हाथियों के समूह से चार हाथियों का समूह जो लगभग 150 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर, शहडोल जिले के बुढार, डिंडोरी जिले के डिंडोरी से अनूपपुर जिले के अहिरगवा, राजेंद्रग्राम से विचरण करते हुए कई दिनों से वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां वन बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत क्योटार, पडरिया एवं कुकुरगोड़ा से लगे जंगल में दिन में निरंतर ठहरते हुए रात होते ही आसपास के ग्रामीण अंचलों में आहार की तलाश में पहुंच कर ग्रामीणों के खेतों में लगे विभिन्न तरह के फसलों के साथ ग्रामीण जनों के घरों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाते हुए रविवार के दिन चोलना बीट के जंगल जो चोई गांव से लगा हुआ है में दिन मे ठहरने बाद देर शाम एवं रात को जंगल से निकलकर ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई, कनईटोला, ग्राम पंचायत धनगांव के दर्रीटोला, ग्राम जरियारी, बीड, चोलना एवं उमरिया होते हुए सोमवार की सुबह 4 बजे गुजर नाला पार कर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी सर्किल एवं वन बीट के जंगल से लगे हुए दैंगाव गांव के राजस्व क्षेत्र में छुलहनी के



जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।

एक अकेला दंतैल हाथी जो डेढ़ माह पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोड़ा वन मंडल के जडगा एवं पसान वन परिक्षेत्र से मरवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के डडिया गांव से लगे जंगल में 2 अप्रैल की रात एक पुरुष को मारने बाद मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी इलाके की धनगवां बीट के जंगल में एक दिन ठहर कर अनूपपुर वन परिक्षेत्र के सोनमौहरी, भगतबांध, भोलगढ़ एवं पोडी वन बीटो से लगे जंगल में कई बार जाकर दिन के समय जंगल में ठहरकर शाम रात होते ही ग्रामीण इलाकों मे खतरनाक एवं आकोर्षित स्थिति में आंतकी मचाते हुए 26 अप्रैल की दोपहर भोलगढ़ के जंगल में एक महिला पर हमला कर मृत कर पति एवं बालक को घायल कर 29 अप्रैल को सेंदुरी गांव में एक बालक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने, 30 अप्रैल को जिला मुख्यालय अनूपपुर से 6 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत पिपरिया के कुसुमहाई गांव में 23 वर्षीय युवती पर हमला कर क्रूरता पूर्वक हमला कर मार डाला, 7 एवं 8 मई की रात सेंदुरी गांव में चार मवेशियों पर हमला कर मार डाला एवं एक मवेशी को घायल किया वहीं 10 मई को सोनमौहरी के पिंचिंग टोला निवासी रामसहाय सिंह की एक भैंस एवं एक भैंसा को हमला कर क्रूरता पूर्वक मार डाला, 13 मई की रात अनूपपुर जिले के सीमा से लगी शहडोल जिले के अमलाई थाना एवं केशवाही वन परिक्षेत्र के वन बीट रामपुर एवं ग्राम पंचायत गिरवा में 55 वर्षीय छोटेलाल सिंह पर हमला कर क्रूरता पूर्वक मार कर छोटेलाल के एक पालतू मवेशी पर हमला कर मृत करते घर में तोड़फोड़ कर अनाज खाते हुए निरंतर 5 दिनों से केशवाही वन परिक्षेत्र, थाना अमलाई के रामपुर बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के रामपुर एवं बेलिया गांव के बीच जंगल में ठहर कर विचरण कर रहा है रविवार की रात रामपुर के जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत रामपुर के बैरिहा गांव में राजू यादव के घर में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को खाने पर वन विभाग द्वारा फोन कैमरा से निरंतर निगरानी करते, ग्रामीणों के हो-हल्ला करने पर फिर से रामपुर के जंगल जाकर कुछ घंटा ठहर कर फिर से देर रात जंगल से उतर कर बैरिहा गांव निवासी पप्पू बरगाही के खेत में लगे कटहल के पेड़ को तोड़फोड़ कर कटहल की फसल खाते हुए सोमवार की सुबह रामपुर के जंगल कक्ष क्रमांक पी,एफ, 1055 में जाकर पांचवें दिन ठहरा हुआ है इस आकोर्षित एवं खतरनाक दंतैल हाथी के हरकतों को देखते हुए शहडोल एवं अनूपपुर जिले के अनेको गांव के ग्रामीण अंचलों में भारी दहशत की स्थिति बनी हुई है ग्रामीण जनों के निरंतर मांग आंदोलन की योजना बनाने को देखते शहडोल एवं अनूपपुर जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं वन विभाग के भोपाल मुख्यालय स्थित अधिकारियों से निरंतर बातचीत कर इस हाथी खतरनाक का रेस्क्यू किए जाने के संबंध में चर्चा किए जाने पर वन विभाग के निर्देश पर सोमवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू दल के सदस्यों द्वारा हाथी के ठहराव, हाथी के स्वभाव एवं विचरण की स्थिति का परीक्षण कर निर्णय ले कर जल्द रेस्क्यू किए जाने की संभावना बन रही है। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के प्रदेशाध्यक्ष रामलाल रौतेल ने बताया कि प्रशासन एवं वन विभाग से इस खतरनाक हाथी का रेस्क्यू कर बाहर ले जाने के संबंध में निरंतर चर्चा करते हुए ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों से निरंतर संपर्क बनाया हुआ हूं जल्द ही ग्रामीण जनों को इस खतरनाक हाथी से क्षेत्र बासियों को मुक्ति मिलेगी।